EMPLOYMENT NEW ZEALAND

फेयर पे अग्रीमेंट्स (उचित वेतन समझौतों) को समझना:

नियोक्ताओं के लिए एक त्वरित गाइड

उचित वेतन समझौते क्या हैं

उचित वेतन समझौते (FPA) एक उद्योग या व्यवसाय में सभी कवर किए गए कर्मचारियों की न्यूनतम रोजगार शर्तों की सौदेबाजी करने के लिए यूनियनों और नियोक्ता संघों को एक साथ लाते हैं। इसका मतलब है कि कर्मचारी और नियोक्ता प्रतिनिधि काम करने के लिए रोजगार की शर्तों पर चर्चा करने और उस पर सहमति के लिए मिलेंगे।

एक उचित वेतन समझौते में यह शामिल होना जरूरी है कि FPA (एफपीए) के अंतर्गत किसे कवर किया गया है; मानक घंटे; ओवरटाइम और जुर्माने की दरों सहित न्यूनतम वेतन दरें; प्रशिक्षण और विकास; एक कर्मचारी को कितनी छुट्टी मिल सकती है; और एफपीए कब तक लागू होता है।

उचित वेतन समझौते की प्रक्रिया

प्रारंभ या शुरूआत: एफपीए प्रक्रिया तब शुरू होती है जब एक यूनियन एफपीए के लिए आवश्यक समर्थन इकट्ठा करती है और व्यापार, नवाचार एवं रोजगार मंत्रालय (एमबीआईई) को एक आवेदन में वह जानकारी प्रदान करती है। अगर मंजूरी मिल जाती है, तो सौदेबाजी के पक्ष बनने शुरू हो जाते हैं।

सौदेबाजी: दोनों पक्षों को काम करने की परिस्थितियों के एक ऐसे समझौते पर पहुंचने में समय लगेगा, जिससे वे दोनों खुश हों।

वोट (जिसे रैटिफिकेशन या सत्यापन के नाम से भी जाना जाता है): एक बार जब सौदेबाजी करने वाले पक्ष सहमत हो जाते हैं, तो पात्र कर्मचारी और नियोक्ता इस बात पर मतदान कर पायेंगे कि वे रोजगार की शर्तों से सहमत हैं या नहीं।

उचित वेतन समझौते को अंतिम रूप देना: यदि दोनों पक्षों में बहुमत की सहमति होती है, तो एफपीए को अंतिम रूप दिया जाएगा और कानून के रूप में स्थापित किया जाएगा।

इस प्रक्रिया में नियोक्ता, कर्मचारी, और उनकी सौदेबाजी करने वाली पार्टियों की अलग-अलग भूमिकाएं और जिम्मेदारियां होती हैं।

सौदेबाजी के दौरान कौन किसका प्रतिनिधित्व करता है

- नियोक्ता सौदेबाजी पक्ष: उद्योग संघों सहित योग्य नियोक्ता संघ, प्रस्तावित एफपीए द्वारा कवर किए गए सभी नियोक्ताओं के लिए सौदेबाजी करते हैं। इसमें ऐसे नियोक्ता शामिल हैं जो किसी नियोक्ता संघ या उद्योग संघ के सदस्य नहीं हैं।
- कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष: पात्र यूनियन(नें) एक प्रस्तावित एफपीए द्वारा कवर किए गए सभी कर्मचारियों के लिए एफपीए की सौदेबाजी करते हैं। इसमें वे कर्मचारी शामिल हैं जो किसी यूनियन के सदस्य नहीं हैं।
- सौदेबाजी की प्रक्रिया में माओरी प्रतिनिधित्व के लिए सौदेबाजी करने वाले पक्षों को अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करना चाहिए। इसमें माओरी कर्मचारियों/नियोक्ताओं के प्रतिनिधियों की फीडबैक (प्रतिक्रिया) प्राप्त करना और उस पर ध्यान देना तथा इस पर विचार करना शामिल है कि माओरी प्रतिनिधियों को सौदेबाजी में शामिल किया जाना चाहिए या नहीं।

MINISTRY OF BUSINESS, INNOVATION & EMPLOYMENT
HĪKINA WHAKATUTUKI
Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

प्रस्तावित उचित वेतन समझौते के अंतर्गत आने वाले नियोक्ताओं को एफपीए प्रक्रिया के दौरान अधिकार एवं उत्तरदायित्व प्राप्त हैं।

एक नियोक्ता के रूप में आपके क्या अधिकार हैं:

प्रारंभ या शुरूआत: जब कोई यूनियन आवेदन /अनुमोदन करती है

- ✓ यदि कोई सार्वजनिक सबमिशन (प्रस्तुति) है, तो आप अपना मत रख सकते हैं
- ✓ यदि एक नए एफपीए पर सौदेबाजी शुरू करने का आवेदन स्वीकृत हो जाता है और आपके कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित एफपीए के बारे में जानकारी प्राप्त होती है, तो आपको सीधे यूनियन द्वारा सूचित किया जाना चाहिए।
- ✓ आरंभ करने वाली यूनियनों की वेबसाइट पर भी जानकारी उपलब्ध होगी तथा अनुमोदन को व्यापार, नवाचार एवं रोजगार मंत्रालय की वेबसाइट पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

सौदेबाजी: सौदेबाजी से समय नियोक्ता का प्रतिनिधित्व होना

- ✓ यदि आप इसके द्वारा कवर किए गए नियोक्ता हैं तो नियोक्ता एसोसिएशन द्वारा आपको नियमित अपडेट प्रदान किया जाना चाहिए
- ✓ आपको सौदेबाजी की प्रक्रिया के दौरान प्रतिक्रिया प्रदान करने का अवसर मिलना चाहिए
- ✓ कवर किए गए सभी प्रकार के नियोक्ताओं के हितों पर विचार किया जाना चाहिए ।

वोट: एक बार जब सौदेबाजी करने वाले पक्ष सहमत हो जाते हैं

- ✓ पात्र नियोक्ता FPA की शर्तों पर मतदान कर सकते हैं।

कर्मचारियों के प्रति आपकी क्या जिम्मेदारियां हैं:

प्रारंभ या शुरूआत: जब कोई यूनियन आवेदन /अनुमोदन करती है

- ✓ अगर सूचित किया जाता है कि एफपीए की सौदेबाजी शुरू करने के लिए एक आवेदन को स्वीकृत किया गया है, तो आपको बाकी की उन सभी यूनियनों को सूचित करने की आवश्यकता है जिनके सदस्य आपके कवर किए गए कर्मचारी हैं
- ✓ आपको चाहिए कि आप किए गए कर्मचारियों को सीधे एक कथन पारित करें। यह आपको शुरू करने वाली यूनियन द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिसमें शुरूआत करने वाली यूनियन का नाम और उनसे संपर्क कैसे किया जाए, शामिल होगा
- ✓ कर्मचारियों को ऑप्ट आउट (बाहर निकलने) फॉर्म प्रदान करें, फॉर्म इकट्ठा करें, रिकॉर्ड रखें
- ✓ उन कर्मचारियों के संपर्क विवरण प्रदान करें जिन्होंने शुरूआत करने वाली यूनियन से ऑप्ट आउट (बाहर निकलने) का विकल्प नहीं चुना है।

सौदेबाजी: सौदेबाजी से समय कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व होना

- ✓ आपके लिए सौदेबाजी प्रक्रिया के दौरान कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष से कर्मचारियों को जानकारी पारित करना जरूरी है
- ✓ आपको अपने कर्मचारियों को कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष द्वारा आयोजित 2 x 2 घंटे की सवेतन बैठकों में भाग लेने की अनुमति देना जरूरी है
- ✓ कार्यस्थल के लिए कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष से एक प्रतिनिधि की अनुमति दें
- ✓ यदि कर्मचारी किसी भी समय ऑप्ट आउट / ऑप्ट इन करना चाहते हैं, तो आपको कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष के ताजा संपर्क विवरणों के बारे में शुरूआत करने वाली यूनियन को सूचित करना चाहिए।

वोट: एक बार जब सौदेबाजी करने वाले पक्ष सहमत हो जाते हैं

- ✓ आपके पात्र कर्मचारी उचित वेतन समझौते की शर्तों पर मतदान कर सकते हैं। इसमें वे कर्मचारी शामिल हैं जिन्होंने हो सकता है पहले प्रस्तावित एफपीए के बारे में जानकारी प्राप्त करने से बाहर रहने का चुनाव किया हो।

जब एक उचित वेतन समझौता हो जाता है

एक बार उचित वेतन समझौते को अंतिम रूप देने और उसके कानून में बदल देने के बाद यह सभी कवर किए गए कर्मचारियों और नियोक्ताओं पर लागू होता है।

एफपीए के अंतर्गत आने वाले सभी नियोक्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके सभी कवर किए गए कर्मचारियों के रोजगार अनुबंधों में ऐसी शर्तें शामिल हों जो एफपीए के बराबर या उससे बेहतर हों।

अधिक जानकारी:
उचित वेतन समझौतों और अन्य रोजगार संबंधी जानकारी के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.employment.govt.nz/fair-pay-agreements** को देखें।

डिसक्लेमर (अस्वीकरण): यह जानकारी केवल मार्गदर्शन है, कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, और इसे कानूनी सलाह या उचित वेतन समझौते अधिनियम 2022 की शब्दावली के बदले में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। तथ्य, चूक, व्याख्या या राय की त्रुटि जो मौजूद हो सकती है, उसके लिए और न ही इस जानकारी के आधार पर किसी भी निर्णय के परिणामों के लिए, MBIE (एमबीआईई) कोई जिम्मेदारी या दायित्व स्वीकार नहीं करता।